CMYK

RNI NO. : MAHHIN/1998/02261

# महाराष्ट्र क्राईम्स




वर्ष 22 | अंक - 06 | मुंबई, 05 अप्रैल 2023 | पृष्ठ : 8 | कीमत : 5 रुपये | प्रधान संपादक : सिराज चौधरी

## चतुर्शिंगी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पांढरे

# अपने आप को आयुक्त मानते हैं... !

**चलवा रहे हैं मसाज पार्लर की आड़ में देह व्यापार का धंधा**

**पुणे संवाददाता**

**हमने हमारे पिछले अंक क्र. - 5 में एक खबर प्रकाशित की थी, किस तरह से चतुर्शिंगी पुलिस थाने के नियंत्रण में यूनिक (यूनिवर्स) स्पा के आड़ में मालिक नितिन बेडगे लडकियों से पार्लर के आड़ में देह व्यापार का धंधा चला रहा है.**

खबर प्रकाशित किये जाने के बाद दिनांक ०८/०३/२०२३ के रोज एक लिखित पत्र के साथ एक मेमरी कार्ड और अखबार (जिस में यह रेकॉर्ड है किस तरह से पार्लर के आड़ में देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है.) जोड़कर पुणे शहर के पुलिस आयुक्त रितेश कुमार, सह पुलिस आयुक्त संदीप कार्निक, अप्पर पुलिस आयुक्त पूर्व प्रादेशिक विभाग रंजन कुमार शर्मा, अप्पर पुलिस आयुक्त गुन्हे रामनाथ पोखले पुलिस उपायुक्त गुन्हे अमोल झेंडे, पुलिस उपायुक्त परिमंडल क्र. ४ शशिकांत बोराटे से यह आग्रह किया था कि यूनिक स्पा में चल रहे अवैध देह व्यापार के धंधे पर तत्काल कानूनी कारवाई करके बंद कराये.



**रितेश कुमार**
**पुलिस आयुक्त, पुणे शहर**



**अनुज पाण्डेय**
(मध्यस्थ)



**बालाजी पांढरे**
**वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक**



चतुर्शिंगी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के संरक्षण में चल रहे है

मसाज पार्लर के आड़ में देह व्यापार के धंधे

कानूनी करवाई से बचाने के लिए स्पा का नाम यूनिवर्स से यूनिक स्पा

पुणे संवाददाता

स्पा का दृश्य

स्पा के अंदर का दृश्य

संबंधित पुलिस अधिकारियों ने प्रकाशित किये गये खबर को संज्ञान में लेते हुये चतुर्शिंगी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पांढरे को यह आदेश दिया कि मामले को गंभीरता से लेते हुये यूनिक स्पा पर कानूनी कारवाई करें. वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का आदेश मिलने के बाद भी बालाजी पांढरे ने अपने वरिष्ठों के आदेश का पालन क्यों नहीं किया? बालाजी पांढरे ने अपने सहयोगी परम मित्र अनुज पाण्डेय नामक व्यक्ति को बुलाकर कर उसे हमारी जानकारी प्राप्त और मामला रफा-दफा करने को कहा. दिनांक १७/०३/२०२३ के रोज दोपहर के २.४० मिनट पर अनुज पाण्डेय अपने मोबाईल क्र. ९३०७७१२८६४ से हमारे मोबाईल पर संपर्क किया और हमसे मिलने की इच्छा जाहिर की. दिनांक २१/०३/२०२३ रात लगभग ९ बजे अनुज पाण्डेय अपने कुछ मित्रो के साथ हमें नवी मुंबई में बेलापुर परिसर के अंतर्गत आने वाले निमंत्रण होटल में मुलाकात की. मुलाकात में जब अनुज पाण्डेय से यह पूछा गया कि हमारा नाम और मोबाईल क्र. आपको कहां से मिला और किसने दिया? इस पर बड़ी संकोच के साथ अनुज पाण्डेय ने वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पांढरे का नाम बताया और मामले को रफा-दफा करने की विनंती की. मामले को ना सुलझता देख कर अनुज पाण्डेय को वापस लौटना पड़ा.

दिनांक २६/०३/२०२३ के रोज नितिन बेडगे ने अपने मोबाईल क्र. ८६००२३००४८ से हमारे मोबाईल पर संपर्क किया और तत्काल में मिलने की लिये विनंती की. उसी दिन शाम पांच बजे नितिन बेडगे, आकाश नामक अपने एक मित्र के साथ बेलापुर डी- मार्ट के सामने आकर मुलाकात की. मुलाकात में अनुज पाण्डेय की तरह जब हमने नितिन बेडगे से यह पूछा की हमारा मोबाईल क्र. आपको कहां से मिला? और किसने दिया? इस पर नितिन बेडगे ने अनुज पाण्डेय की तरह जवाब दिया कि उन्हें भी चतुर्शिंगी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ने हमारा मोबाईल क्र. दिया और हमसे मिलकर मामले को रफा-दफा करने को कहा.

आश्चर्यजनक बात यह है कि

## अपने वरिष्ठो का आदेश नही मानते... !

आज हमारे देश में मुद्रण माध्यम (अखबार) को चौथा स्तंभ का दर्जा इसलिये दिया जाता है कि देश को आजादी दिलाने में इन्ही मुद्रण माध्यम का बड़ा योगदान रहा है और आज भी हमारे देश और समाज में होने वाली कालाबाजारी व समाज विघातको को समाज और पुलिस प्रशासन के सामने उजागर करने में बड़ा योगदान रहा है. पत्रकार अपनी जान जोखम में डाल कर समाज में होने वाली बुराइयो को उजागर करता है और पुलिस प्रशासन में बालाजी पांढरे जैसे भ्रष्ठ पुलिस अधिकारी जो उनकी सरहना करने के बजाये अवैध देह व्यापार करने वालो को हमारे कार्यालय का पता और मोबाईल क्र. देकर उजागर किये गये मामले को आपसी समझौता करने में पूरी मध्यस्था करते है. ऐसे ही कुछ भ्रष्ठ पुलिस अधिकारियों के कारण समाज में महाराष्ट्र पुलिस की छवि धुंधली होती जा रही है.

# मुंबईकरों को तगड़ा झटका, स्टाम्प पेपर नहीं मिलेगा!

**महाराष्ट्र क्राइम्स संवाददाता**


**मुंबई:** मुंबई में सीमित अतिरिक्त स्टांप नियंत्रक मुंबई के अवैध कार्यालय आदेशों के खिलाफ मुंबई में स्टांप विक्रेताओं ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है. नए आदेश में स्टाम्प प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को शारीरिक रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता है और अब स्टाम्प प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को स्टाम्प विक्रेता के पास जाना पड़ेगा। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने भी सरकार से शिकायत की है। आंदोलन के चलते अब मुंबई में डाक टिकट मिलना मुश्किल होगा। स्टाम्प डीलर्स एसोसिएशन, मुंबई के अध्यक्ष अशोक आर कदम का कहना है कि 1982 में लाइसेंस मिलने के बाद से कार्यालय में जिस तरह का निर्देश दिया गया था, स्टाम्प विक्रेता संघ के अनुसार, इस नए आदेश के कारण कल आम नागरिकों, वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों या यहां तक कि मंत्री या किसी अन्य बड़े व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से जाकर स्टाम्प जमा करना होगा।



मुंबई में सार्वजनिक निकायों, ज्ञात फर्मों आदि के आवेदनों में उल्लिखित अधिकृत प्रतिनिधि/ कांस्टेबल, जिनके नाम लिखित प्राधिकरण पत्र/ आदेश जारी किए गए हैं, अब से केवल स्टाम्प पेपर जारी किए जाएंगे। राज्य के पंजीयन एवं स्टाम्प विभाग ने एक सर्कुलर जारी कर कहा है कि निजी व्यक्ति अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से ऑनलाइन या लाइसेंस प्राप्त कागज विक्रेताओं से स्टाम्प पेपर नहीं खरीद सकते हैं.

इसका अर्थ है कि निजी व्यक्तियों को यदि ऑनलाइन या व्यक्तिगत रूप से स्टाम्प पेपर खरीदना है तो उन्हें संबंधित स्टाम्प पेपर विक्रेता के पास स्वयं जाना होगा। इस फैसले से कई लोगों के प्रभावित होने की संभावना है, जिनमें वरिष्ठ नागरिक, विकलांग और मरीज शामिल हैं, जो स्टांप पेपर विक्रेताओं तक नहीं पहुंच सकते। ऐसा कहा जाता है कि ऑनलाइन और स्टांप पेपर विक्रेता नागरिकों से अधिक कीमत वसूल रहे थे, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया।

CMYK



# संपादकीय

## दोषियों पर रोक लगाई जाए

यह स्वागतयोग्य है कि सुप्रीम कोर्ट उस याचिका की सुनवाई करने को तैयार है, जिसमें यह मांग की गई है कि दोषियों को राजनीतिक पार्टी बनाने और किसी दल का पदाधिकारी बनने पर रोक लगाई जाए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को शीघ्र सुनने की आवश्यकता नहीं समझी, लेकिन यह आशा की जाती है कि वह उस पर गंभीरता से विचार करने के साथ ही ऐसा कुछ करेगा, जिससे किसी आपराधिक मामले में सजा पाए नेता किसी दल में पद न धारण कर सकें और न ही अपना राजनीतिक दल बनाने पाएं। ऐसी कोई व्यवस्था बनाना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि कई ऐसे नेता हैं, जो सजायाफ्ता होने के बाद भी अपने दल में कोई न कोई पद धारण किए रहते हैं अथवा उन्होंने अपने राजनीतिक दल का गठन कर लिया है। यह और कुछ नहीं सजायाफ्ता नेताओं की ओर से पर्दे के पीछे से की जाने वाली राजनीति है। उनकी यह सक्रियता राजनीति के अपराधीकरण को रोकने के प्रयासों पर पानी फेरने का ही काम करती है।

यह सही है कि ऐसे नेता चुनाव नहीं लड़ सकते, लेकिन वे राजनीति में सक्रिय रहकर उसे प्रभावित करने का काम तो करते ही हैं। ऐसे नेता कई बार दल विशेष के कर्ता-धर्ता बनकर उसकी रीति-नीति तय करने का भी काम करते हैं। इसी तरह वे यह मिथ्या प्रचार करके लोगों की सहानुभूति अर्जित करने की भी कोशिश करते हैं कि उन्हें राजनीतिक बदले की भावना के तहत जानबूझकर झूठे मामले मे फंसाया गया।

सजायाफ्ता नेता ऐसे कुतर्क भी खूब देते हैं कि सबसे बड़ी अदालत जनता है। कई बार वे अदालतों के फैसले को सरकार का फैसला करार देकर भी लोगों को गुमराह करने का काम करते हैं। राहुल गांधी इन दिनों यही कर रहे हैं। उन्हें आपराधिक मानहानि के मामले में सूरत की एक अदालत ने सजा सुनाई है और उसके चलते उन्होंने लोकसभा सदस्यता गंवा दी है, लेकिन वह और उनके साथी यही प्रचारित करने में लगे हुए हैं कि उन्हें सरकार ने सजा दी है, क्योंकि वे उसके विरुद्ध बोल रहे थे।

स्पष्ट है कि वह पीड़ित होने का दिखावा इसीलिए कर रहे हैं, क्योंकि यह जान रहे हैं कि सांसद न रहते हुए भी कांग्रेस की राजनीति उनके ही इर्द-गिर्द घूमती रहेगी और उन्हें कुछ हमदर्दी हासिल हो जाएगी। कायदे से सजायाफ्ता नेताओं को राजनीति से दूर करने का काम राजनीतिक दलों को ही करना चाहिए, लेकिन वे न तो इसके लिए तैयार हैं और न ही चुनाव आयोग के उस प्रस्ताव को स्वीकार रहे हैं जिसके तहत इस पर बल दिया जा रहा है, जो नेता गंभीर आरोपों से दो-चार हों और जिनके खिलाफ आरोपपत्र दायर हो चुका हो, उनके चुनाव लड़ने पर रोक लगाई जाए। समझना कठिन है कि राजनीतिक दल इस प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए तैयार क्यों नहीं हैं?

# हरियाणा की प्रियंका सौरभ ने हासिल की एक और उपलब्धि, अब 'फॉरएवर स्टार इंडिया अवार्ड 2023' से होंगी सम्मानित

**भिवानी की युवा लेखिका और हरियाणा के हिसार के आर्यनगर गांव की बेटी को सर्वश्रेष्ठ लेखिका 2023 के क्षेत्र में 'द रियल सुपर वुमन अवार्ड' मिलेगा।**

**हिसार/भिवानी/जयपुर :** आगामी माह में जयपुर में फॉरएवर स्टार इंडिया ग्रुप द्वारा एफएसआईए अवार्ड 2023 का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रियंका सौरभ को सर्वश्रेष्ठ लेखिका के क्षेत्र में 'द रियल सुपर वुमन अवार्ड' मिलेगा। फॉरएवर स्टार्स इंडिया समूह के संस्थापक राजेश अग्रवाल ने कहा कि प्रियंका सौरभ द्वारा किए गए सराहनीय कार्य और प्रयासों के लिए प्रियंका सौरभ को सर्वश्रेष्ठ लेखिका के रूप में सम्मानित किया गया है। और इस अवार्ड शो को एफएसआईए ओटीटी पर भी लाइव स्ट्रीम किया जाएगा, एफएसआईए ऐप इस अवार्ड शो के लिए बनाया गया एक कस्टमाइज्ड ऑनलाइन ऐप है जिसकी कई अनूठी विशेषताएं और एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म शामिल है जो दुनिया भर के लोगों को इवेंट को लाइव देखने में सक्षम करेगा। इसके शीर्ष पर, आप गूगल और यूट्यूब पर सभी पुरस्कार विजेताओं की रैंकिंग भी देख सकेंगे।

हिसार के गांव आर्यनगर की बेटी 30 वर्षीय युवा लेखिका 'प्रियंका सौरभ' इस समय नारी सशक्तिकरण की मिसाल हैं और नारी जगत के लिए अपनी कलम से आवाज बुलंद कर रही हैं। कविता के अलावा वे अपने संपादकीय लेखों के माध्यम से प्रतिदिन विभिन्न




भाषाओं में लेखन कार्य कर रही हैं। उनकी तीन पुस्तकें हाल ही में प्रकाशित हुई हैं। इनमें सामाजिक और राजनीतिक जीवन के कड़वे सच को व्यक्त करने वाली कविता 'दीमक लगे गुलाब' और आधुनिक नारी की समस्याओं से जूझती 'निर्भयाएं' शामिल हैं। इन दो किताबों के अलावा हर क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति पर आधारित किताब 'द फीयरलेस' अंग्रेजी में शामिल है। प्रियंका सौरभ विश्व की अग्रणी युवा महिला लेखिका हैं, जो हिंदी और अंग्रेजी के 10,000 से अधिक समाचार पत्रों के लिए दैनिक संपादकीय लिख रही हैं, जो प्रतिदिन विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित होते हैं। दुनिया के सबसे बड़े एजुकेशन प्लेटफॉर्म अनएकेडमी और पर्सनल यूट्यूब चैनल पर लड़कियों को फ्री कोचिंग देना उनका शौक है।

महिलाओं और बच्चों के समर्थन और पुनर्वास के बारे में अपने लेखन और सेमिनार के माध्यम से लड़कियों और महिलाओं को शिक्षित करना, विशेष रूप से निराश्रित महिलाओं और बच्चों, विधवाओं और विकलांग महिलाओं जैसी कठिन परिस्थितियों से पार पाने वाली महिलाओं को समाज की मुख्यधारा में लाना उनका जुनून है। प्रियंका सौरभ ने कहा कि जब उनके द्वारा किए गए प्रयासों को मंच और सम्मान मिलता है तो उन्हें खुशी होती है। उनके द्वारा भविष्य में भी ऐसे कार्य होते रहेंगे।

# ठाणे में 'कैश गिफ्ट कूपन का दुरुपयोग...

## कारखाने के चार कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज




**ठाणे :** नवी मुंबई पुलिस ने ग्राहकों को दिए जाने वाले 'कैश गिफ्ट ऑफर कूपन का गलत तरीके से लाभ उठाने के आरोप सीमेंट कारखाने के चार कर्मचारियों के खिलाफ आपराधिक विश्वासघात का मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कर्मचारी नवी मुंबई के कलंबोली इलाके में स्थित अपने कारखाने में कंपनी द्वारा निर्माण कार्य के लिए बनाए गए एक तरल पदार्थ के कंटेनर के साथ दिए जाने वाले क्यूआर कोड के 'कैश ऑफर कूपन लगाने का काम करते थे। हालांकि वे कूपन लगाते समय कथित तौर पर खुद ही उसे 'स्कैन कर लेते थे और ग्राहकों को मिलने वाला 'गिफ्ट खुद हासिल कर लेते थे। अधिकारी ने बताया कि कथित घटना आठ से 23 मार्च के बीच कारखाने में हुई। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने सोमवार को चार कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 408 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत मामला दर्ज किया।

# ठाणे में ऑनलाइन धोखाधड़ी में महिला ने गंवाए अपनी मेहनत के 14.3 लाख रुपये

**ठाणे :** महाराष्ट्र के नवी मुंबई शहर में ऑनलाइन धोखाधड़ी में 50 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर 14.30 लाख रुपये गंवा दिए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। महिला को कथित तौर पर ऑनलाइन नौकरी का प्रस्ताव दिया गया था, जिसके बाद वह इस साजिश का शिकार हुई। एनआरआई सगरी थाने के एक अधिकारी ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर रविवार को भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया, लेकिन अभी




तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस ने बताया कि महिला को 23 मार्च को व्हाट्सएप पर एक अन्य महिला ने संदेश भेजा, जिसने खुद को मुंबई में एक सोशल मीडिया एजेंसी का मालिक बताया और उसे 'फ्रीलांसर के तौर पर नौकरी करने का प्रस्ताव दिया। अधिकारी ने शिकायत के हवाले से बताया कि इसके बाद महिला को कुछ यूट्यूब लिंक भेजे गए, उन्हें 'लाइक करने को कहा गया और बदले में कुछ पैसे दिए गए। इसके बाद महिला से 'क्रिप्टो करेंसी ट्रेडिंग में कुछ लेन-देन कराया गया और शुरूआत में इसमें भी कुछ पैसे उसे मिले। कुछ समय बाद उसे पैसे मिलने बंद हो गए और तब तक वह कथित तौर पर 14.30 लाख रुपये गंवा चुकी थी। अधिकारी ने बताया कि महिला को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है और उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# व्यक्ति ने अपनी दुकान में आत्महत्या की

**ठाणे :** ठाणे जिले में बदलापुर इलाके में स्थित हार्डवेयर की एक दुकान के मालिक (43) ने अपनी दुकान में कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। बदलापुर पुलिस थाना से एक अधिकारी ने बताया कि कुछ ग्राहकों ने रविवार को पूर्वाह्न करीब



साढ़े 11 बजे व्यक्ति का शव दुकान में लगे पंखे से, फंदे पर लटकते देखा और पुलिस को सूचित किया। व्यक्ति की पहचान चोगाराम चोधरी के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और दुर्घटनावश मृत्यु का मामला दर्ज किया। अधिकारी ने बताया की मामले की जांच की जा रही हैं.



# मुंबई में पीटी टीचर बना दरींदा... बच्ची के साथ की गंदी हरकत, हुआ गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने सोमवार को एक स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में एक स्कूल शिक्षक को गिरफ्तार किया। आरोपी शिक्षक पर आरोप है कि वो स्कूल में होने वाली एक्सरसाइज के दौरान नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ करता था। मामला मुंबई के एक नगर निगम स्कूल का है। यहां आरोपी शिक्षक शारीरिक प्रशिक्षण शिक्षक के रूप में कार्यरत था। आरोपी शिक्षक नाबालिग छात्रा को व्यायाम सिखाने की आड़ में ही छात्रा के साथ छेड़छाड़ करता था। इस घटना की जानकारी जैसे ही लड़की के माता-पिता को मिली तो उन्होंने पुलिस को इसकी शिकायत की। पुलिस ने आरोपी को कांदिवली इलाके से गिरफ्तार कर लिया।'' जानकारी के मुताबिक कांदिवली ईस्ट के म्युनिसिपल स्कूल में पढ़ने वाली 16 वर्षीय किशोरी ने अपने परिवार को खुद के साथ बार बार की गई छेड़छाड़ के बारे में बताया।

# जल वितरण के नाम पर करोड़ो खर्च.... !

## पानी के संकट से जूझ रहे हैं लाखों रहिवासी

वसई विरार मनपा जल वितरण पर प्रतिमाह 6 करोड़ 62 लाख 88 हजार 300 रुपये कर रही है खर्च...

मनपा हर साल 11 करोड़ 93 लाख 18 हजार 760 रपये पानी लीकेज के कारण कर रही है बर्बाद...

**विरार :** वसई विरार शहर के कई हिस्सों में पानी की कमी की शिकायतें आ रही हैं, वहीं महानगर पालिका की वितरण प्रणाली की समस्या के कारण शहर के विभिन हिस्सों में पानी की आपूर्ति अनियमित और कम दबाव में है। इससे कई इलाकों में पानी की किल्लत महसूस की जा रही है। संस्था ह्यसिटी रिसर्च फाउंडेशनह्व ने यह जानकारी दी है कि वसई विरार महानगर पालिका द्वारा प्रतिमाह 6 करोड़ 62 लाख 88 हजार 300 रुपये केवल जल वितरण पर खर्च किया जा रहा है। इतना खर्च करने के बावजूद भी शहर में नियमित रूप से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। वसई विरार क्षेत्र के कई इलाकों में पिछले कई दिनों से पानी की अनियमित आपूर्ति की शिकायत नागरिक कर रहे हैं। कई इलाकों में 2 से 3 दिन के अंतराल में पानी की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन पानी का लो प्रेशर होने के कारण नागरिकों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते कई रहिवासी इलाको में पानी के लिए टैंकर का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। जिससे आम नागरिकों को पानी समय पर मनपा द्वारा सप्लाई नही किया जाता है, और महीने में दस दिन पानी मनपा द्वारा दिया जाता है लेकिन पूरे महीने का पानी टैक्स मनपा वसूल करती है। सिटी रिसर्च फाउंडेशन द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार महानगर पालिका प्रतिदिन 10 लाख लीटर पानी पर 9607 रुपये खर्च करती है। इस तरह से प्रतिदिन 230 करोड़ लीटर पानी सप्लाई करने के लिए मनपा प्रतिदिन 22 लाख 09 हजार 610 रुपएखर्च करती है। महानगर पालिका हर महीने 6 करोड़ 62 लाख 88 हजार 300 रुपए सिर्फ पानी बांटने पर खर्च करती है। वही महानगर पालिका के अधिकारी ने बताया कि 15 फीसदी पानी लीकेज होने की बात बताई जा रही है। कई करोड़ लीटर पानी महानगर पालिका द्वारा बर्बाद किया जा रहा है। यह लीकेज अन्य महानगर पालिका की तुलना में सबसे ज्यादा है। इस तरह से प्रति माह 34.5 करोड़ लिटर पानी बर्बाद हो रहा है। प्रति दिन 3 लाख 31 हजार 44 1 रुपए पालिका बर्बाद कर रही है। मनपा द्वार 99 लाख 43 हजार 230 रुपए हर महीने पानी लीकेज में बर्बाद कर रही है। इस हिसाब से वसई विरार मनपा हर साल 11 करोड़ 93 लाख 18 हजार 760 रुपये पानी लीकेज के कारण बर्बाद कर रही हैं।

# BJP में शामिल होंगे अशोक चव्हाण! बावनकुले ने कहा...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की सियासी हलचल आये दिन बढ़ती रहती है। ऐसे में रोज इससे जुडी खबरें सामने आती है। ऐसे में आज एक बार फिर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने महाविकास अघाड़ी पर निशाना साधा है। जिसकी चर्चा अब पुरे महाराष्ट्र में हो रही है। गौरतलब हो कि पिछले कई दिनों से कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण के बीजेपी में शामिल होने की चर्चा चल रही है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए बावनकुले ने महाविकास अघाड़ी को चुनौती दी है। जी हां उन्होंने कहा है कि 2024 तक हम महाराष्ट्र की बदली हुई तस्वीर देखेंगे। इतना ही नहीं बल्कि उन्होंने खुलासा करते हुए कहा कि ठाकरे गुट के कुछ लोग आ रहे हैं, आने वाला नेता छोटा है या बड़ा यह सवाल नहीं है। चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा है कि यह बड़ा सवाल है कि ठाकरे समूह के नेता हर दिन उनका साथ छोड़ दे रहे है।

**अशोक चव्हाण को लेकर कहा**

इस बीच अशोक चव्हाण के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि आपने कल अशोक चव्हाण के चेहरे से देखा होगा कि कल की बैठक में उन्हें बड़ी कुर्सी नहीं मिली। बैठक में कांग्रेस और एनसीपी का अपमान किया गया। बावनकुले ने कहा है कि उनके कार्यकर्ता बैठक छोड़कर चले गए है।

# नवी मुंबई में चलेगी मेट्रो नियो-2, सिडको ने बनाई योजना




**मुंबई :** सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने नवी मुंबई परिसर में मेट्रो रेल की बजाय मेट्रो नियो चलाने की योजना बनाई है। उल्लेखनीय है कि नवी मुंबई में मेट्रो-1 का काम लगभग पूरा हो चुका है। मानक गेज मेट्रो के बजाय मेट्रो नियो 2.0 नामक परिवहन के अत्याधुनिक मोड के तहत नवी मुंबई मेट्रो लाइन 2, 3 और 4 के निर्माण का प्रस्ताव है।

सिडको के निदेशक मंडल (बीओडी) ने मेट्रो नियो 2.0 इन लाइनों के लिए प्रस्तावित मार्गों को लेकर एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए अर्बन मास ट्रांजिट कंपनी को कंसल्टेंट के रूप में नियुक्त किया है। इस कंसल्टेंसी के लिए लगभग 1 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। बताया गया कि यूएमटीसी ने मॉडल, सरेखण और स्टेशन आदि स्थानों अध्ययन किया है। डीपीआर का मसौदा अप्रैल, 2023 के अंत तक प्राप्त होने की उम्मीद है।

**तलोजा को जोड़ेगी मेट्रो-2**

नवी मुंबई मेट्रो लाइन 2 एमआईडीसी तलोजा को 6 एलिवेटेड स्टेशनों के साथ खादिश्वर से जोड़ेगी। इसकी लंबाई 7.12 किमी होगी। लाइन-3 पेंढार को एमआईडीसी तलोजा (3.87 किमी) से 3 एलिवेटेड स्टेशनों के साथ जोड़ेगी, जबकि लाइन-4 नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को पनवेल (4.17 किमी) से जोड़ेगी। कल्याण से तलोजा तक मेट्रो को जोड़ने का काम एमएमआरडीए के माध्यम से हो रहा है। मेट्रो नियो 2.0 एक रबर टायर बाई-आर्टिकुलेटेड इलेक्ट्रिक ट्रॉली-बस है, जो ओवरहेड ट्रैक्शन सिस्टम द्वारा संचालित होगी। मेट्रो रेल की बजाय इसका खर्च काफी कम होता है। कम दूरी के लिए यह ज्यादा गतिशील है। आराम, सुविधा और पर्यावरण दृष्टि से भी पारंपरिक मेट्रो रेल प्रणाली की की तुलना में इसे बेहतर परिवहन का साधन माना जाता है।

# महिला ने वीडियो कॉल कर ब्रोकर का बनाया अश्लील वीडियो

## ब्लैकमेल कर ठगे 7.25 लाख रुपये

**मुंबई :** मुंबई में एक नए तरह से धन उगाही का मामला दर्ज किया गया है। मुंबई के माटुंगा में एक 80 साल के रियल एस्टेट ब्रोकर को एक महिला ने डाक्टर होने की पहचान बताकर फोन किया और अपनी क्लिनिक की जगह को बेचने की बात कही। हालांकि जब ब्रोकर ने उस जगह को देखने की बात कही तो महिला ने वीडियो कॉल किया और उससे 7.25 लाख रुपये की उगाही कर ली। माटुंगा पुलिस ने ब्रोकर से रंगदारी मांगने के आरोप में तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**अज्ञात नंबर से महिला ने किया फोन**

मालूम हो कि 11 मार्च को ब्रोकर के पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आई और महिला ने खुद को डॉक्टर मानसी जैन के के रूप में पहचान बताया। महिला ने ब्रकोर से कहा कि एक जगह है जहां पर



वह क्लिनिक जलाती है और वह इस जगह को बेचना चाहती है। दलाल ने महिला से उस जगह को देखने के लिए कहा। इस दौरान ब्रोकर को एक वीडियो कॉल आई। इस दौरान ब्रोकर को दूसरी तरफ घोर अंधेरा दिखाई दिया।

**वीडिया कॉल के बाद ब्रोकर से पैसे की मांग**

वीडिया कॉल आने के दो दिन बाद ब्रोकर के पास फिर से एक फोन कॉल आई और इस दौरान उससे 1.50 लाख रुपये की मांग की गई। फोन पर महिला ने कहा कि सके पास उसकी नग्न क्लिप है और अगर उसने 1.50 लाख रुपये का भुगतान नहीं किया तो वीडियो को YouTube पर अपलोड कर दिया जाएगा। इस दौरान ब्रोकर ने कहा कि उसके पास इतना पैसा नहीं है। हालांकि, वह थोड़ा सा भुगतान कर सकता है।

**तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज**

माटुंगा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक दीपक चव्हाण ने कहा कि जैसे ही हमें शिकायत मिली, हमने प्राथमिक जांच की और आईपीसी की धारा 384 (जबरन वसूली), 419 (व्यक्तित्व द्वारा धोखा), 420 (धोखाधड़ी), 506 (आपराधिक धमकी), 34 (सामान्य इरादे), 120 बी ( आपराधिक साजिश) और आईटी अधिनियम धारओं में मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने कहा कि 7.25 लाख रुपये जबरन वसूली के लिए तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।






## 171 ट्रिलियन से अधिक प्लास्टिक के टुकड़े तैर रहे हैं

### दुनिया के महासागरों में भारी मात्रा में प्रदूषण



**मुंबई,** वैश्विक जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के साथ बढ़ते कचरे का अंबार दिन-ब-दिन आफत बनता जा रहा है। एक नई रिसर्च के अनुसार दुनिया के महासागरों में भारी मात्रा में प्रदूषण है। इस वक्त सागर में १७१ ट्रिलियन से अधिक प्लास्टिक के टुकड़े तैर रहे हैं व वर्ष २०४० तक यह बढ़कर तीन गुना हो जाएगा। यह समुद्री जीव-जंतुओं के लिए घातक बन सकता है। इससे जैव विविधता और पारिस्थितिक तंत्र संतुलन बिगड़ने का खतरा मंडराने लगा है। यह रिसर्च जर्नल प्लोस वन में प्रकाशित हुई है।

अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों की एक टीम ने साल १९७९ और साल २०१९ के बीच अटलांटिक, प्रशांत, हिंद महासागर और भूमध्य सागर में लगभग १२,००० जगहों से एकत्रित रिकॉर्ड का विश्लेषण किया है। इसकी रिपोर्ट हाल में सार्वजनिक की गई है। वैज्ञानिकों की टीम ने वर्ष २००५ के बाद से समुद्र के प्लास्टिक प्रदूषण में अभूतपूर्व वृद्धि देखी है। शोध में दावा किया गया है कि अगर समुद्र में कचरे फेंके जाने पर काबू नहीं पाया गया तो साल २०४० तक यह बढ़कर तीन गुना हो जाएगा। इनका छोटे टुकड़े में परिवर्तन हो रहा है। ये छोटे टुकड़े समुद्री पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक हैं। समुद्री जीवों द्वारा भोजन के लिए इन छोटे टुकड़ों को निगलने की संभावना है।

# 'बैड हैबिट्स' के कारण मासूमों का दिल कमजोर



**मुंबई,** मुंबई के एक सरकारी अस्पताल के विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मुंबई जैसे शहर में करीब १६ फीसदी किशोर डायबिटीज के शिकार हो चुके हैं। कोरोना के बाद से बच्चों में कई सारे बैड हैबिट्स आ गए हैं। उन्होंने कहा कि मोबाइल के कारण बच्चों में अब श्रम वाले खेलों के प्रति दिलचस्पी कम होती जा रही है। इतना ही नहीं उनकी दिनचर्या से व्यायाम भी गायब हो चुका है। खाद्य और पेय पदार्थों में जंक फूड के साथ ही आर्टिफिशियल जूस ने जगह ले ली है। सॉफ्ट ड्रिंक का चलन बढ़ गया है, जिसमें शुगर प्रचुर मात्रा में मौजूद रहती है। दूसरी तरफ भोजन और अनाज में केमिकल अधिक इस्तेमाल हो रहा है।

कोरोना के बाद से दिल का दौरा पड़ने से होनेवाली मौतों का मामला बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इसके शिकार बुजुर्ग, युवा से लेकर किशोर तक होने लगे हैं। खासकर, बीते कई महीनों से कई किशोर हार्ट अटैक के चलते अपनी जान गवां चुके हैं। इसका ताजा उदाहरण दो दिन पहले हैदराबाद में सामने आया है। इसमें एक १३ साल की किशोरी की मौत कार्डियक अरेस्ट के चलते हुई है। किशोरों में हार्ट अटैक के बढ़ते मामले और दिल का दौरा पड़ने के सही कारणों की सटीक जानकारी नहीं मिल पाना, चिकित्सा जगत के लिए चिंता का सबब बनता जा रहा है। फिलहाल, चिकित्सक यही कह रहे हैं कि 'बैड हैबिट्स' के कारण मासूमों का दिल कमजोर हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि हिंदुस्थान में हार्ट अटैक से होनेवाली मौतों का आंकड़ा बीते कुछ महीनों में तेजी से बढ़ा है। यह भी कहा जा सकता है कि कोरोना के बाद से हार्ट अटैक के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, ऐसा क्यों हुआ इसके पीछे कोई ठोस कारण सामने नहीं आया है। कई चिकित्सा विशेषज्ञ कहते हैं कि कोरोना के बाद शरीर के अंदर कई तरह के बदलाव हुए हैं, जिसकी वजह से ऐसा हो रहा है।

बताया गया है कि मुंबई में १५ फीसदी किशोर दिल की बीमारी से पीड़ित हैं, जबकि १६ फीसदी डायबिटीज से जूझ रहे हैं। ऐसे में इन जानलेवा बीमारियों से बचने के लिए बच्चों से नियमित व्यायाम कराना जरूरी है।

## दंगे में किसका हाथ है, इसकी भाजपा जांच कराए - अजीत पवार



**मुंबई,** केंद्र और राज्य में आज भाजपा की सरकार है। दंगे में किसका हाथ है, इसकी भाजपा जांच कराएङ्ग 'दूध का दूध, पानी का पानी' लोगों के सामने आने दोङ्ग अलग-अलग राजनीतिक दलों का नाम लेने की बजाय पुलिस यह पता लगाए कि दंगे किसने शुरू किएङ्ग इसके पीछे के मास्टरमाइंड कौन हैं, उनके नाम सामने आने दो, ऐसी चुनौती प्रतिपक्ष के नेता अजीत पवार ने 'ईडी' सरकार को दी है। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी है, उसे कड़ी सजा दी जाए। इसमें कोई ढिलाई नहीं बरती जानी चाहिए। लेकिन राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए, ऐसा अजीत पवार ने जोर देकर कहा। किसानों को बेमौसम बारिश से फसलों के हुए नुकसान का मुआवजा अभी तक नहीं मिला। किसानों के मुद्दे पर 'ईडी' सरकार असंवेदनशील है।

# मुंबई में जल्द ही 'फूड ट्रक' नीति



**मुंबई,** जल्द ही 'फूड ट्रक' नीति लागू की जाएगी। इसके तहत शहर में ५० स्थानों पर वाहनों पर खाना बेचने की अनुमति दी जाएगी। इससे बेरोजगारों, महिला बचत गटों और दिव्यांगों को उनके हक के रोजगार के साथ ही मुंबईकरों को भी तैयार संतुलित और पौष्टिक भोजन मिलेगा। एक साल पहले इस नीति को बहुत धूमधाम से लाया गया लेकिन बाद में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। फिलहाल, फिर से इस फूड ट्रक पॉलिसी को गति दी जा रही है।

मुंबई में बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, नरीमन पॉइंट, चर्चगेट, फोर्ट, गेटवे ऑफ इंडिया समेत कई मशहूर स्थानों के साथ ही बिजनेस सेंटर और टूरिस्ट स्पॉट हैं। इन स्थानों पर भोजन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होता है। इसलिए यहां आनेवाले कर्मचारी, पर्यटक और आम लोग किसी भी उपलब्ध जगह पर स्थित खुले में बिकने वाला खाना खरीदते और खाते हैं। इससे मुंबईकरों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में मनपा की यह नीति कारगर साबित होगी। साथ ही जरूरतमंदों को रोजगार भी मिलेगा। मनपा के जोन सात, जोन दो में ८ फूड और अन्य छह जोन में ७-७ फूड ट्रक शुरू किए जाएंगे। इन स्थानों पर संबंधित लोगों द्वारा केवल खाद्य सामग्री ही बेची जा सकती है। फूड ट्रक स्थानों पर भोजन तैयार नहीं किया जा सकता है। केवल खाने के सामान को गर्म करने की अनुमति होगी।

फूड ट्रक पॉलिसी में ५० प्रतिशत फूड ट्रक महिला बचत गटों, बेरोजगार और दिव्यांगों के लिए आरक्षित होंगे, जबकि ५० प्रतिशत फूड ट्रक सेंट्रल पर्चेस डिपार्टमेंट के माध्यम से निविदा प्रक्रिया चलाकर वितरित किए जाएंगे। जरूरतमंदों को ५० प्रतिशत फूड ट्रक वितरित करने के लिए एक समिति बनाई जाएगी। इसमें संबंधित जोन के उपायुक्त, पुलिस, स्वास्थ्य एवं अग्निशमन विभाग के प्रतिनिधि होंगे।

# 'प्रिकॉशन' डोज लेने और कोरोना सावधानियों के नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील



**मुंबई,** कोरोना वैक्सीन की दोनों खुराक लेने के बाद भी कोरोना का संक्रमण हो रहा है। यह चौंकाने वाला खुलासा मनपा के किए गए सर्वे से हुआ है। सर्वे में जानकारी सामने आई है कि वर्तमान में मिल रहे कोरोना संक्रमितों में से ९० प्रतिशत से अधिक रोगियों ने वैक्सीन का दूसरा डोज ले लिया है। इसे गंभीरता से लेते हुए मनपा प्रशासन ने मुंबईवासियों से जल्द से जल्द 'प्रिकॉशन' डोज लेने और कोरोना सावधानियों के नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है। साथ ही प्रशासन की तरफ से कहा गया है कि सर्दी, बुखार, खांसी को नजरअंदाज न करें अन्यथा यह आपके अंदाज को बिगाड़ सकता है।

उल्लेखनीय है कि मार्च २०२० में कोरोना ने मुंबई में दस्तक दी थी। इसके लगभग एक साल बाद १६ जनवरी २०२१ को मुंबई में कोरोना का टीकाकरण शुरू हुआ। इसमें ९० लाख पात्र लाभार्थियों को कोरोना वैक्सीन की दोनों खुराक दिए जाने के बाद जनवरी २०२२ से 'प्रिकॉशन' डोज लगानी शुरू की गई। इस दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि कोरोना से बचाव के लिए प्रिकॉशन' डोज जरूरी है। इसलिए मनपा द्वारा इस अभियान को बड़े पैमाने पर लागू किया गया। इसमें पहले ली गई दोनों खुराकों से मरीजों की संख्या पूरी तरह से नियंत्रण में रही और कोरोना वायरस के कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ गई।

# राज्य के २८,६१२ स्कूलों में से ५४४ स्कूलों में लड़कियों के लिए शौचालय नहीं

**मुंबई,** सरकार 'निर्णय गतिमान, महाराष्ट्र वेगवान' का नारा दे रही है। इसके प्रचार-प्रसार पर तकरीबन १ हजार करोड़ रुपए खर्च कर चुकी है। लड़कियों की शिक्षा के लिए कई तरह की सुविधाओं की घोषणा कर रही है। लड़कियों के जन्म से लेकर शिक्षा और शादी तक के लिए बजट में आर्थिक सहायता की घोषणा वित्त मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि राज्य के २८,६१२ स्कूलों में से ५४४ स्कूलों में लड़कियों के लिए शौचालय तक उपलब्ध नहीं हैं। इसी प्रकार १,५४५ स्कूलों में सुरक्षा की दीवार नहीं है। इसके अलावा ३,०३३ स्कूलों में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए सीढ़ियों की सुविधा नहीं है। १,३४५ स्कूलों में खेल मैदान नहीं है और १,४०२ स्कूलों में ग्रंथालय नहीं है। राज्य के ३,९७७ स्कूलों में कंप्यूटर तो ६,७२४ स्कूलों में कंप्यूटर और इंटरनेट तक की सुविधा उपलब्ध नहीं है। महाराष्ट्र में छात्रों के अध्ययन की क्षमता में गिरावट आई है। पहली से तीसरी तक के विद्यार्थियों के अध्ययन की क्षमता गणित में १७ प्रतिशत तो विज्ञान में १५ प्रतिशत की कमी आई है। इसी प्रकार पांचवीं के छात्रों में स्थानीय भाषा में २२ प्रतिशत, गणित में ३० प्रतिशत और विज्ञान में २९ प्रतिशत की कमी आई है।




## महाराष्ट्र में भीषण गर्मी के बाद होगी तूफानी बारिश! येलो अलर्ट जारी

**महाराष्ट्र :** जैसा कि हम सब जानते है महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है, जिसकी वजह से महाराष्ट्र के लोग अभी से गर्मी को लेकर परेशान है। इस बीच आपको बता दें कि मौसम विभाग ने मुंबई समेत महाराष्ट्र के ज्यादातर जिलों में अप्रैल और मई में लू चलने की संभावना जताई है।




ऐसे में मौसम विभाग ने कुछ जगहों पर तेज धूप तो कुछ जगहों पर बारिश की संभावना जताई है। मिली जानकारी के मुताबिक, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में यानी 7 अप्रैल तक विदर्भ, पश्चिम महाराष्ट्र के साथ मराठवाड़ा के कुछ जिलों में बेमौसम बारिश की संभावना जताई है।



# 5 साल तक रेप के आरोपी को तलाशती रही पुलिस

## फिर वॉट्सऐप डीपी से यूं गिरफ्तार हुआ शख्स

**मुंबई :** 2018 में रेप की एक घटना हुई। विक्रोली में महिला का प्राइवेट बस के अंदर रेप कर दिया गया था। उस केस में वॉन्टेड आरोपी को मैसूर से गिरफ्तार किया गया है। खास बात है कि आरोपी अनुपम दास की शिनाख्त वॉट्सऐप डीपी से हुई और पांच साल बाद वह पकड़ा जा सका। अनुपम दास 5 साल पहले मुंबई की एक प्राइवेट बस का ड्राइवर था। उसने रास्ते में एक महिला को अकेले जाते देखा। उसने बस रोकी। महिला से पूछा कि कहां जाना है? बाद में उसने महिला को बस में बैठाया और फिर एक सुनसान जगह में बस को रोककर महिला के साथ रेप किया। महिला ने 100 नंबर पर कॉल किया। पुलिस जब तक घटनास्थल पर पहुंचती, आरोपी वहां से भाग गया था। पुलिस ने बस के नंबर से आरटीओ से संपर्क किया। वहां से बस के मालिक का अड्रेस और मोबाइल नंबर मिला।

2018 में महिला का बस के अंदर हुआ था रेप

बस की पहचान के बाद मालिक तक पहुंची पुलिस

बस का ड्राइवर हो गया था फरार, पुलिस ने लिया पता

असम पहुंची तो भी पुलिस को नहीं मिला आरोपी

परिवार के नंबरों को सर्विलांस पर लगाया और किया ट्रैस

### वॉट्सऐप डीपी से निकाली तस्वीर

**जब बस मालिक से पूछताछ की गई, तो उसने आरोपी का नाम और पूरा अड्रेस पुलिस को बता दिया। यह असम के एक शहर का था। मुंबई पुलिस को बस मालिक से ही आरोपी का फोटो भी मिल गया था। मुंबई पुलिस फिर इस फोटो व अन्य डिटेल लेकर आरोपी के घर पहुंची, पर वह वहां नहीं मिला। पुलिस ने असम में भी आरोपी के परिवार से भी उसकी फोटो ली।**

**पुलिस ने परिवार के खंगाले मोबाइल नंबर डीटेल**

आरोपी के संपर्क में कौन-कौन लोग हैं, उसके दोस्त, रिश्तेदार आदि सभी के पुलिस ने इन पांच सालों में मोबाइल नंबर पता किए। इन नंबरों के सीडीआर निकाले गए। सीडीआर के इन्वेस्टिगेशन में एक नंबर शक के घेरे में आया, जिससे कॉल्स किए गए या इस नंबर पर सबसे ज्यादा कॉल्स आए। क्राइम ब्रांच के उपनिरीक्षक रामदास कदम ने इस वॉट्सऐप नंबर का डीपी देखा। उसमें जो फोटो दिखा, वह पुलिस की फाइल में लगे फोटो से मिल रहा था।

**मैसूर से हुआ अरेस्ट**

जब यह कन्फर्म हो गया कि यह अनुपम दास ही है, तो क्राइम ब्रांच चीफ लखमी गौतम और डीसीपी कृष्णकांत उपाध्याय से यह जानकारी शेयर की गई। इसके बाद इस वॉट्सऐप नंबर की लोकेशन ट्रेस

# मुंबई में राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर भीड़ ने तलवार-चापड़ से किया हमला, एक की हालत गंभीर



**मुंबई :** मुंबई के ताड़देव इलाके के जनता नगर में एक बिल्डिंग में 30 से 40 अज्ञात लोगों ने तलवारों और चॉपर्स से राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के कार्यकताओं पर हमला कर दिया. इस हमले में तीन कार्यकताओं में से दो कार्यकताओं को गंभीर चोटें आई हैं.

ताड़देव पुलिस ने अब तक मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस का कहना है कि यह हमला क्यों हुआ और किसके कहने पर हुआ इसकी जांच की जा रही है.

# घर पर शराब पीकर आया बाप, बेटे को पसंद नहीं आई ये बात... मार डाला




**मुंबई :** मुंबई के विक्रोली इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां बेटे ने नशे में धुत पिता की हत्या कर दी. जानकारी के मुताबिक विक्रोली के इंदिरा नगर झुग्गी बस्ती हरियाली गांव में संजय साल्वे अपने परिवार के साथ में रहते थे. संजय साल्वे शराब के आदी थे जिसकी वजह से उसका अपने बेटे साल्वे से झगड़ा होता रहता था. इसी के चलते बेटे ने बाप की हत्या कर दी.

संजय साल्वे शराब के नशे में थे जब उनकी अपने बेटे राहुल से बहस हो गई. बहस में राहुल ने संजय के साथ मारपीट की. पिटाई में संजय के सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई. इस मामले में संजय की बहन ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई. मामले की जानकारी मिलते ही विक्रोली पुलिस ने राहुल साल्वे के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मामला दर्ज लिया. इसके साथ ही उसे गिरफ्तार भी कर लिया है.

**पहले भी हो चुके हैं ऐसे मामला**

इसके पहले गोरखपुर में एक बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी थी. जानकारी के मुताबिक मुरलीधर गुप्ता ने अपने बेटे को मोटर साइकिल के लोन की किश्त देने से इनकार कर दिया था. जिसकी वजह से बेटे ने बाप को बेरहमी से मार डाला था. पुलिस ने बताया कि आरोपी ने चाकू से गर्दन काटकर गुप्ता का सिर धड़ से अलग कर दिया था और लाश को सूटकेस में भरकर फेंक दिया था. उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. इसके अलावा केरल से भी ऐसा ही मामला सामने आया था, जहां आलप्पुझा में एक नशेड़ी बेटे ने नशे में धुत होकर अपनी मां की गला दबाकर हत्या कर दी थी.

# बड़ी खबर! BJP में जायेंगे अशोक चव्हाण? लोकसभा के पहले कांग्रेस में बड़ा भूकंप, जानिए किसने किया दावा

## महाराष्ट्र में एक बार पूर्व सीएम अशोक चव्हाण के बीजेपी में जाने की खबर

**मुंबईः** महाराष्ट्र में जब से एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे से अलग होकर राज्य में सरकार बनाई है। तब से बीजेपी और शिंदे गुट में शामिल होने वालों की लाइन लगी हुई है। अब एकनाथ शिंदे गुट के विधायक संजय शिरसाट ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि आने वाले दिनों कांग्रेस के दिग्गज नेता और राज्य के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण भी बीजेपी का दामन थाम लेंगे? शिरसाट के मुताबिक कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण आगामी लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल होने जा रहे हैं। शिवसेना नेता संजय



शिरसाट यहीं नहीं रुके उन्होंने कहा कि इस तरह की हलचल भी शुरू है। आने वाले दिनों में कांग्रेस को तगड़ा झटका लगने वाला है। ऐसे में उनके इस दावे को गंभीरता से देखा जा रहा है। संजय शिरसाट ने मीडिया से बातचीत के दौरान यह दावा किया है।

संजय शिरसाट ने कहा कि कांग्रेस में नेताओं के भीतर कोई तालमेल नहीं है। उन्होंने कहा कि अशोक चव्हाण और नाना पटोले की आपस में नहीं बनती। बालासाहेब थोरात और अशोक चव्हाण की नहीं पटती।

बीते कई दिनों से चल रहे घटनाक्रम के मुताबिक मुझे लगता है कि अशोक चव्हाण लोकसभा से पहले बीजेपी में शामिल हो जाएंगे। इतने बड़े नेता को कांग्रेस में उचित सम्मान नहीं मिल रहा है। संजय शिरसाट ने कहा कि वह निश्चित रूप से बीजेपी में शामिल होंगे। उनकी तरफ से प्रयास भी जारी हैं।

# मुंबई में बढ़ रही है कोरोना वायरस की रफ्तार, पिछले 10 दिनों में आए इतने मरीज

**मुंबईः** देश के कई राज्यों में कोरोना के मरीजों की संख्या एक बार फिर से बढ़ती जा रही है. मुंबई जैसे बड़े शहरों में कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या से स्वास्थ्य मंत्रालय की भी चिंता बढ़ गई है. उसके बाद विभाग ने लोगों से मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की अपील की है. साथ ही लोगों को भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचने की सलाह भी दी गई है. मुंबई के पिछले दस दिनों के आंकड़ों से पता चलता है कि कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं.

पिछले 10 दिनों में मुंबई में लगभग हर दिन कोरोना के 100 से ज्यादा नए मरीज सामने आ रहे हैं. देश



की आर्थिक राजधानी में तीन अप्रैल को 75 नए मरीज सामने आए थे. इससे पहले 2 अप्रैल को 172 नए मरीज सामने आए थे. देखिए मुंबई के पिछले 10 दिनों के आंकड़े.

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 के नये स्वरूप से खतरा कम है और इसके कारण अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ने की संभावना भी कम है, लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है. अधिकारी ने कहा, ''कोरोना वायरस में उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) के कारण इसके नये-नये स्वरूप सामने आ रहे हैं. अब यह एक नया स्वरूप सामने आया है.... इससे अस्पताल में मरीजों की संख्या नहीं बढ़ेगी क्योंकि इससे जुड़ा खतरा बहुत कम है.''उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के इस नये स्वरूप को प्रयोगशाला में पृथक किया गया है और इसका अध्ययन भी किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि नये स्वरूप से सावधान रहने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि देश में कोविड-19 के नये मामलों के बढ़ने का कारण वायरस के एक्सबीबी 1.16 स्वरूप का प्रसार भी हो सकता है.

# महिला के साथ दरिंदगी, गैंगरेप के बाद की हत्या, फिर हाईवे पर फेंकी लाश, 3 हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार


**पुणे.** महाराष्ट्र के संभाजी नगर में गैंगरेप के बाद हत्या की एक बेहद नृशंस घटना सामने आई है. यहां आरोपियों ने महिला के रेप करने के बाद पत्थर से मार-मारकर उसकी हत्या कर दी और फिर उसका शव हाईवे पर फेंक कर फरार हो गए. स्थानीय लोगों ने सड़क पर निवस्त्र हालत में लाश पड़ी देखकर पुलिस को खबर दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, महिला की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गैंगरेप की पुष्टि हुई. इसके बाद पुलिस ने गैंगरेप और हत्या का मामला दर्ज करते हुए 3 आरोपियों की गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 19 साल के राहुल संजय जाधव, 24 वर्षीय प्रीतम उर्फ सोनू महेंद्र नरवड़े और 34 वर्षीय रवि रमेश




गायकवाड़ हैं. पुलिस के मुताबिक ये तीनों शातिर अपराधी हैं, जो हाईवे किनारे चोरी तथा डरा धमकाकर लूटपाट जैसी घटनाओं में शामिल रहे हैं.

पुलिस ने इस घटना की जानकारी देते हुए कि 32 वर्षीय पीड़िता चिकलथाना इलाके में रहती थी. वह रोजाना पूजा पाठ करने मंदिर जाया करती थी. महिला रोजाना की तरह 2 अप्रैल को भी मंदिर गई थी, लेकिन तबीयत खराब होने के कारण वह दोपहर में ही वापस घर के लिए निकल गई. इस बीच रास्ते में आरोपियों की नजर उस अकेली महिला पर पड़ी तो उसे अपने झाड़ी में ले गए और वहां निर्वस्त्र कर उसके साथ मारपीट की. पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने इसके बाद बारी-बारी से महिला के साथ रेप किया और फिर पत्थर से मार-मारकर उसकी हत्या कर दी. पुलिस ने बताया कि इन आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है. इनमें से रवि नामक आरोपी को तड़ीपार भी किया गया था.

# 10 दिनों में पतले आईब्रो भी होंगे मोटे, इस्तेमाल करें ये तेल



आंखे चेहरे का सबसे ज्यादा खूबसूरत हिस्सा है। इनकी खूबसूरती को और भी बढा देते हैं आईब्रो। जिस तरह हर किसी के चेहरे की शेप अलग-अलग तरीके की होती है उसी तरह आईब्रो शेप में भी बहुत फर्क होता है। पतले की अपेक्षा मोटे और घने आईब्रो चेहरे को ज्यादा आकर्षित बना देते हैं लेकिन कुछ लड़कियों के आईब्रो पतले होते हैं, जिसके लिए उन्हें पैंसिल का इस्तेमाल करना पड़ता है। आज हम आपको कुछ आसान घरेलू नुस्खों के बारे में बता रहे हैं, जिससे आईब्रो की हेयर ग्रोथ बढ़ने लगेगी।

**1. कैस्टर ऑयल**

कैस्टर ऑयल कम खर्च में हेयर ग्रोथ बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका है। कैस्टर आयल की दो बूंदें लेकर अंगुलियों के आईब्रो की 2-3 मिनट मसाज करें। इसके 30 मिनट बाद गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। इस बात का ध्यान रखें कि यह तेल अगर किसी तरह की जलन करे तो इसका इस्तेमाल करना बंद कर दें।

**2. दूध**

प्रोटिन और विटामिन से भरपूर दूध बालों को पोषण देने में भी लाभकारी है। रात को सोने के पहले कॉटन बॉल पर थोड़ा सा दूध लगाकर आईब्रो पर लगाएं। इससे बहुत फायदा मिलेगा।

**3. नारियल का तेल**

रोजाना रात को सोने से पहले आईब्रो पर नारियल का तेल लगाएं। इससे स्किन भी ग्लोइंग और मुलायम बनेगी। आंखों के आसपास झुर्रिया भी नहीं पड़ेगी।

**4. एलोवीरा जूस**

हेयर ग्रोथ के लिए एलोवीरा जैल भी बहुत फायदेमंद है। इससे बालों को न्यूट्रिशियंस भी मिलता है। एलोवीरा जैल आईब्रो हेयर पर लगाने से कुछ ही दिनों में बाल घने होने लगते हैं।

# छूट जाएगी चैटिंग की लत बस करें ये काम



आजकल के मॉडर्न जमाने में टेक्नोलॉजी लोगों पर अपना अच्छा खासा असर दिखा रही है। हर कोई चाहता है कि उसके पास बढ़िया मोबाइल, लैपटॉप,कंप्यूटर,ई डायरी के अलावा लेटेस्ट टेक्नोलॉजी हो। भले ही आजकल लोगों के पास समय की कमी है, परिवार या दोस्तों से मिलने या फिर बात करने का समय नहीं है लेकिन मोबाइल पर चैटिंग करने में कुछ लोग दिन में 15-16 घंटे तो बिता ही लेते हैं। जिसका असर उनकी सेहत पर भी पड़ रहा है। जैसे मानसिक रूप से थकान,डिप्रेशन, सर्वाइकल,डिप्रेशन के अलावा और भी बहुत से रोग देखने को मिल रहे हैं। आप भी अपनी इस लत से परेशान हैं तो कुछ टिप्स अपना कर इससे छुटकारा पा सकते हैं। आइए जानें किस तरह से निकले आनलाइन चैटिंग एडिक्शन से बाहर।

**चैटिंग नहीं मिलें फेस टू फेस**

चैटिंग का मतलब है कि आप अपने दूर के दोस्तों के साथ भी जुड़े हुए हैं लेकिन लोग तो अपने पास बैठे लोगों से भी जब चैटिंग के जरिए बात करनी शुरू कर देते हैं तो यह परेशानी की बात है। कोशिश करें कि कभी-कभार फेस टू फेस भी दूसरों के बातचीत करें। आप इससे आसानी से दूसरों को अपने मन की बात बता सकेंगे। धीरे-धीरे चैटिंग की लत भी छूट जाएगी।

**नियम से आफलाइन रहें**

अपनी लाइफ में यह नियम बनाएं कि दिन में कम से कम 2 घंटे तक अपनी मोबाइल ऑफ रखें। ऐसा बैटरी खत्म होने पर नहीं बल्कि आदत बना कर ही स्विच ऑफ करें। धीरे-धीरे समय को बढ़ाते जाएं।

**शारीरिक दिक्कतें होना**

मोबाइल या इंटरनेट का ज्यादा इस्तेमाल करने वाली महिलाएं जो चैटिंग की लत का शिकार हैं वह सेहत से जुड़ी परेशानियों से गुजर रही हैं। जैसे हड्डियों और जोड़ों में दर्द, आंखों की परेशानियां,थकावट आदि। इसका कारण है घंटों एक ही पॉजीशन में बैठे रहना। एक्सरसाइज न करना इससे धीरे-धीरे हड्डियां कमजोर होनी शुरू हो जाती हैं। शारीरिक फिटनेस के लिए घर से बाहर सैर करने जाएं कोशिश करें कि मोबाइल घर पर ही छोड़ दें।

**परिवार को दें पूरी समय**

मोबाइल से कुछ देर दूरी बना कर परिवार के साथ समय बिताएं। उनके साथ बाहर घूमने जाएं, शॉपिंग करें, अपनी परेशानियां, दिक्कतें और छोटी-छोटी खुशियां चैटिंग नहीं बल्कि पारिवारिक सदस्यों के साथ बांटें।

# हर छोटी-मोटी परेशानियां का हल हैं ये मसाले, ऐसे करें इस्तेमाल

भारतीय रसोई का मसालों से गहरा नाता हैं या यूं कहिए कि यह भारती रसोई का अभिन्न अंग है। इनके बिना खाने का स्वाद अधूरा रहता है, साथ ही में सेहत के नजरिए से भी यह काफी फायदेमंद होते हैं। सर्दियों में इनकी डिमांड बढ़ जाती है क्योंकि इसमें पाए जाने वाले औषधीय गुण ठंड में शरीर को गर्म रखते हैं और कई तरह की गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। सौंफ-अजवाइन हो या काली मिर्च-लौंग, यह छोटे-छोटे मसाले इतने कमाल के हैं कि आपको लंबी उम्र तक हैल्दी और फिट रखने के लिए काफी हैं। हर मसाले की अपनी अलग ही खासियत हैं लेकिन यह आपको फायदा तभी पहुंचाएंगे जब आप इन्हें उचित समय और सही मात्रा में लेंगे।

**1. अजवाइन**

अजवाइन का इस्तेमाल लगभग हर रसोई में होता है। अजवाइन के छोटे-छोटे दाने पेट संबंधी दिक्कतों को दूर रखते है। अगर आपको अपच की समस्या रहती हैं तो आपको खाने के 5 से 10 मिनट बाद थोड़ी सी अजवाइन गर्म पानी के साथ लेनी चाहिए। इसके अलावा यह पेट के मरोड़, अफारे को ठीक करती हैं। इससे पेट के कीड़े नष्ट होते हैं

**2. हल्दी**

हल्दी के बिना सब्जी और करी में रंग नहीं आता लेकिन इसके अलावा भी इसके गुण कम नहीं है। विटामिन ए, प्रोटीन व काबोहाइड्रेट जैसे कई खनिज तत्वों से भरपूर हल्दी में जमे कोलेस्ट्रोल को घोलने की शक्ति होती है। इसमें एंटीसेप्टिक , एंटी बायोटिक और एंटी एलर्जिक गुण होते है जो सर्दी खांसी को दूर रखने में मददगार साबित होते हैं। हल्दी खून पतला और साफ करने का काम भी करती हैं। शरीर में किसी तरह के दर्द, बाहरी व अंदरूनी चोट, फ्रेक्चर में हल्दी बेहद कारगर साबित होती हैं। हल्दी मिला दूध सबसे फायदेमंद होता है।

**3. जीरा**

सब्जी में लगा जीरे का छौंका उसके स्वाद को दोगुना कर देता है। यह खाना पचाने में सहायक होता हैं और एसिडिटी और गैस की परेशानी को दूर रखता



है। छाछ में भूना जीरा डालकर पीने से दस्त ठीक हो जाते हैं।

**4. सौंठ**

सौंठ अदरक का ही रूप हैं बस जब यह गीली होती हैं तो अदरक और सूखने पर सौंठ कहलाती हैं। इसकी तासीर काफी गर्म होती हैं। जिन्हें गठिया या जोड़ों के दर्द की परेशानी रहती हैं उन्हें सौंठ का सेवन करना चाहिए।अदरक की चाय से सर्दी, जुकाम, खांसी, सिरदर्द ठीक से राहत मिलती हैं।

**5. लौंग**

लौंग के एंटीसेप्टिक गुण संक्रमण को दूर रखते हैं। इसकी चाय पीने से आपका ठंड से तो बचाव रहता ही हैं, साथ ही में भूख भी बढ़ती हैं। सांसों की दुर्गंध दूर करने के लिए आप लौंग बेहद लाभदायक होते हैं। इससे पाचन शक्ति बढ़ती हैं। दांत के जिद्दी दर्द में भी यह बहुत काम आते हैं।

**6. इलायची**

इलायची दो तरह की होती हैं एक छोटी यानी हरी इलायची और बड़ी यानी काली इलायची। काली इलायची का इस्तेमाल ज्यादातर सर्दियों में ही किया जाता है क्योंकि यह तासीर में गर्म होती हैं। हरी इलायची वाला दूध पाचन क्रिया ठीक रखता हैं इससे तनाव,एसिडिटी दूर होती है। इसके अलावा सांसों में बदबू दूर होती है।

**7. काली मिर्च**

खाने में काली मिर्च का अलग ही स्वाद आता है। सर्दी-जुकाम और खांसी से बचाव के साथ मलेरिया व वायरल बुखार में भी फायदा पहुंचाती हैं काली मिर्च। यूरिक एसिड के मरीजों के लिए काली मिर्च खाना फायदेमंद होता है।

**8. हींग**

तासीर से गर्म हींग पित्त प्रधान होती है। गर्भवती को इसका सेवन नहीं करना चाहिए। हींग पेट की गैस को दूर करती है। इसे गुड़ के साथ खाने से पेट के कीड़े नष्ट होते हैं

**9. मेथी दाना**

मेथी से विटामिन ए , केल्शियम , आयरन , पोटैशियम तथा बी कॉम्प्लेक्स मिलता है। यह मधुमेह, जोड़ों के दर्द आदि से बचाव करती है। बालों के लिए इसे बहुत अच्छा माना जाता है।

**10. दालचीनी**

सदियो से आयुर्वेद में इसे औषधीए रूप से इस्तेमाल किया जा रहा है। इसमें केल्शियम, मैगनीज व आयरन भरपूर होता है।


- वजन घटाने में बेहद कारगर
- एसिडिटी में फायदेमंद
- कैंसर से बचाव
- सर्दी खांसी से राहत

**11. राई**

राई शरीर में गैस नहीं बनने देती और पाचन को सही रखती हैं। इसे अगर आप छाछ के साथ छोंक लगाकर पीए तो दस्त की परेशानी ठीक होती हैं।

**12. धनिया**

धनिए की तासीर ठंडी होती है। ये एसिडिटी , पेट की गर्मी, पेशाब की जलन, शरीर की जलन आदि को दूर रखती है। बवासीर के मरीजों को इसका सेवन करने से आराम मिलता है।



# 30 साल बाद मिला न्याय!

## फर्जी मुकदमे में फंसाने वाले 5 पुलिसकर्मियों को पांच साल की कैद, 59 हजार का अर्थदंड



**मीरजापुर :** अपर सत्र न्यायाधीश वायु नंदन मिश्रा ने फर्जी मुकदमे में निर्दोष व्यक्तियों को मिथ्या आरोप लगाकर फंसाने वाले पांच पुलिसकर्मियों को दोषी पाते हुए उन्हें पांच वर्ष की सजा सुनाई। साथ ही 59 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित भी किया। कहा कि अर्थदंड न जमा करने पर छह-छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

कोर्ट ने अर्थदंड की 50 प्रतिशत राशि पीड़ित के परिवार को देने का आदेश दिया। आरोपितों में तत्कालीन निरीक्षक अमरेंद्र कांत सिंह, तत्कालीन आरक्षी राम सिंहासन सिंह, दीनानाथ सिंह, रामअचल ओझा व तत्कालीन आरक्षी चालक दिनेश बहादुर सिंह शामिल हैं।

**रामपति ने आग लगाकर दे दी जान**

अभियोजन पक्ष के अनुसार, पुलिस ने भोला तिवारी की मां रामपति के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, उनकी पिटाई भी की। इससे आहत रामपति ने पुलिस के सामने ही अपने शरीर पर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा ली। जब रामपति जलने लगीं तो पुलिस वाले भागे। रामपति की इस घटना में मौत हो गई।

**पुलिस ने नहीं लिखी थी रिपोर्ट**

जब भोला तिवारी के भाई सुभाष ने इसकी शिकायत थाने में करनी चाही तो रिपोर्ट नहीं लिखी गई। उन्होंने तत्कालीन समाज एवं महिला कल्याण राज्यमंत्री से शिकायत की। मंत्री प्रेमलता कटियार ने 30 नवंबर, 1992 को मामले की जांच पुलिस महानिदेशक को सौंपी। नौ दिसंबर, 1992 को अपर पुलिस महानिदेशक अपराध अनुसंधान विभाग जांच में जुटे।

# लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता दे हमारा साथ

## राहुल से माफी की जिद पर अडी भाजपा : गहलोत

**अहमदाबाद :** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि लोकतंत्र व संविधान की धज्जियां उडाई जा रही है, हिन्दू-मुस्लिम के नाम पर चुनाव जीतकर वे घमंड में आ गये हैं। राहुल गांधी को संसद में बोलने नहीं देते और सिर्फ उनसे माफी मांगने की जिद पर अडे हैं। ईवीएम को लेकर भी गहलोत ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सरकार को विपक्षी दलों की मांग पर विचार करना चाहिए।

**लोकतंत्र व कानून का राज नहीं**

सूरत के न्यायालय ने मोदी उपनाम को लेकर मानहानि मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं निलंबित सांसद राहुल गांधी को 2 साल की



सजा सुनाई जिसके बाद से भाजपा व कांग्रेस में तल्खी बढ गई है। कांग्रेस ने बुधवार को देश के विविध शहरों में पत्रकार वार्ता कर अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री गहलोत ने अहमदाबाद में कहा कि देश में लोकतंत्र व कानून का राज नहीं रह गया है, केंद्र सरकार व भाजपा नेताओं को लोकतंत्र व संविधान से कोई सरोकार नहीं रह गया है। उत्तर प्रदेश में चार सौ से अधिक सीट है लेकिन एक भी टिकट मुसिलम को नहीं दी गई, हिंदु मुस्लिम कर चुनाव जीतने के कारण भाजपा घमंड में है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद में अपनी बात रखनी चाही लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने भी अनसुनी कर दी।

**विपक्षी दल मांग पर केंद्र को विचार करना चाहिए**

अदाणी समूह की कंपनियों में 29 हजार करोड रु का निवेश कहां से आया, मोदी व अदाणी का क्या रिश्ता है यह सवाल करना कोई देशद्रोह नहीं है। जो भी सरकार की आलोचना करता है उस पर निजी हमले होते हैं, कई पत्रकार, लेखक व साहित्यकार जेल भेजे गये। विपक्ष प्रधानमंत्री मोदी पर कोई आरोप लगा रहा है तो उन्हें संसद में ही इसका जवाब देना चाहिए ना कि चुप रहकर मामले को रफा दफा करने का प्रयास करना चाहिए। गहलोत ने कहा ईवीएम से चुनाव दुनिया के किसी भी देश में नहीं हो रहे हैं यह पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। विपक्षी दल मांग कर रहे हैं तो केंद्र को विचार करना चाहिए। साथ में गहलोत ने यह भी कहा कि यह फासिस्ट लोग हैं इन्हें कोई फर्क नहीं पडता है।

# विवाहिता संग की दुराचार की कोशिश, असफल हुए तो प्राइवेट पार्ट में डाल दिया डंडा

**जौनपुर :** क्षेत्र के एक गांव में रविवार की रात मानवता को शर्मसार करने वाली घटना हुई। विवाहिता के साथ दुराचार के बाद आरोपित ने उसके प्राइवेट पार्ट में डंडा डालकर दरिंदगी की हदें पार कर दीं। रक्तस्राव से हालत गंभीर होने के चलते पीड़िता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता के पति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मुकदमा दर्ज कराने वाले युवक का आरोप है कि उसकी 22 वर्षीय पत्नी रात करीब आठ बजे शौच के लिए घर से करीब सौ मीटर दूर जंगल की ओर गई थी। वहां गांव का ही 28 वर्षीय कुंवर चौहान पहले से मौजूद था। उसने विवाहिता के साथ जबरन दुष्कर्म किया। प्रतिरोध करने पर उसके



प्राइवेट पार्ट को चोट पहुंचाई। अधिक रक्तस्राव होने से विवाहिता अचेत हो गई।

काफी देर बाद देर बाद भी वापस न लौटी तो स्वजन खोजते हुए जंगल में पहुंचे। वहां विवाहिता अचेतावस्था में मिली। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। होश में आने पर उसने घर वालों से आपबीती बताई। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल भेज दिया। सोमवार दोपहर बाद रक्तस्राव बंद हुआ और विवाहिता की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनीत कुमार राय ने बताया कि आरोपित कुंवर चौहान के विरुद्ध दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि छानबीन में पता चला है कि आरोपित ने दुष्कर्म का प्रयास किया। असफल होने पर पीड़िता के प्राइवेट पार्ट को डंडे से क्षति पहुंचाई। मेडिकल रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्पष्ट होगा कि दुष्कर्म हुआ या नहीं।

# डूबने से नहीं हुई थी अमित की मौत,

## पत्नी ने अवैध संबंधों को छिपाने के लिए देवर के साथ रची थी साजिश

**जौनपुर :** राजापुर नंबर-एक गांव के अमित की मौत तालाब से डूबने से नहीं हुई थी। अनैतिक संबंध का अमित को पता चल गया था। इसी को लेकर देवर-भाभी ने साजिश के तहत उसे मौत के घाट उतारकर शव तालाब में फेंक दिया था। 48 घंटे के भीतर पुलिस ने राजफाश कर देवर-भाभी को गिरफ्तार कर लिया है। गांव निवासी राजनाथ गौतम का 16 वर्षीय पुत्र अमित गौतम गुरुवार को अपने दोस्त रघुवीर पटेल के बुलावे पर घर से कुछ दूरी पर स्थित तालाब पर नहाने गया था। कुछ देरबाद तालाब में उसका शव उतराया मिला



था। अमित की मां तारा देवी ने हत्या का आरोप लगाते हुए गांव की एक महिला व उसके देवर के विरुद्ध तहरीर दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अमित की मौत का कारण सिर में पहुंचाई गई चोट से होने की बात सामने आई। पुलिस ने शनिवार को आरोपित देवर-भाभी को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो दोनों ने अपना अपराध कुबूल कर लिया।

# बेमौसम बारिश से हजारों एकड़ गेंहू की फसल बर्बाद

## मुआवजे के लिए पोर्टल ही सहारा...

**दिल्ली :** पिछले दो हफ्ते में बेमौसम रुक-रुक कर हुई बारिश ने कई राज्यों में गेहूं की फसलको भारी नुकसान पहुंचाया है. दिल्ली से सटे हरियाणा में भी बारिश के बाद गेहूं की कई सौ एकड़ फसल बर्बाद हो गई है. बारिश की वजह से खेत में खड़े गेहूं की फसल जमीन पकड़ चुकी है. बारिश के बाद जमीन पर लेटी फसल अब धीरे-धीरे काली पड़ रही है. वैसे भी अगर कोई फसल ज्यादा दिनों तक जमीन पर पड़ी रह जाती है तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है. पहले तो फसल को काटने में दिक्कतें आती हैं और कट भी गई तो पैदावार गिर जाता है. स्थिति ये हो जाती है कि किसान अपनी लागत भी नहीं निकाल पाते हैं. हालांकि, बेमौसम बारिश



या फिर किसी आपदा की वजह से नुकसान हुई फसल की भरपाई के लिए किसान सरकार से मुआवजे की डिमांड कर सकते हैं. इसके लिए किसानों को ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी फसल के नुकसान के बारे में शिकायत दर्ज करानी होती है.

**मुआवजे के लिए पोर्टल के जरिए करना होगा आवेदन**

ऐसा नहीं है कि पोर्टल में सभी किसान मुआवजे की मांग कर सकते हैं. इसमें केवल वहीं किसान आवेदन कर सकते हैं जिनके जिले या फिर क्षेत्र में बारिश हुई होती है. इधर देश में गेंहू के उत्पादन को लेकर सरकार की ओर से तरह-तरह के अनुमान व्यक्त किए गए हैं. बारिश की वजह से फसलों को भारी नुकसान पहुंचने के बाद भी भारत इस साल अपने 3.4 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र से 112 मिलियन टन गेहूं के उत्पादन का लक्ष्य रखा है. अब यह तो समय ही बताएगी पैदावार कहा तक पहुंचेगा.

# दवा सप्लायरों की बीएमसी को चेतावनी!

## कहा-...तो रोक देंगे दवाओं की आपूर्ति



**मुंबई :** बीएमसी को दवा सप्लाई करने वाले लगभग 400 डिस्ट्रीब्यूटर ने दवा आपूर्ति रोकने की चेतावनी दी है। दवा आपूर्तिकताओं का कहना है कि बीएमसी की मध्य खरीदी प्राधिकरण में बैठे तीन अधिकारी वर्षों से दवा की आपूर्ति कर रहे डिस्ट्रीब्यूटरों जीआर का गलत अर्थ निकाल कर दवा आपूर्ति में बाधा बन गए हैं। यदि बीएमसी ने जल्द हल नहीं निकाला तो हम बीएमसी को दवा आपूर्ति बंद कर देंगे।

गौरतलब है कि बीएमसी अस्पतालों और क्लीनिकों में हर साल लाखों मरीजों का इलाज किया जाता हैं। इन मरीजों को बीएमसी द्वारा मुफ्त दवाएं दी जाती हैं। इन दवाओं की सप्लाई करने वाले सप्लायरों को बीएमसी सीपीडी ने नियम का हवाला देकर बिल की राशि का भुगतान नहीं कर रहे हैं। इन आपूर्तिकर्ताओं ने बीएमसी मुख्यालय में अतिरिक्त आयुक्त डॉ. संजीव कुमार से मुलाकात कर बिलों के भुगतान की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो वह अस्पतालों को दवा और अन्य सामान की आपूर्ति बंद कर देंगे।

**मरीजों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता हैं**

बीएमसी के केईएम, नायर, सायन, कूपर मनपा के बड़े अस्पताल हैं। इसमें एक डेंटल कॉलेज, 16 उपनगरीय, 28 प्रसूति अस्पताल, 76 औषधालय, 100 उप केंद्र और 107 बालासाहेब ठाकरे औषधालय हैं। इसके जरिए रोजाना हजारों मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जाती हैं। दवा आपूर्ति बंद होने अस्पताल में आने वाले मरीजों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता हैं। हम बीएममी नियमों और आवश्यकताओं के अनुसार दवाओं और अन्य वस्तुओं की आपूर्ति करते हैं। हमारी मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया तो हम दवाओं की आपूर्ति बंद कर देंगे। इसके चलते यदि बीएमसी अस्पतालों कोई परेशानी आती है तो उसके लिए बीएमसी प्रशासन जिम्मेदार होगा।

### कंपनी खुद नहीं जानती कि यह पैसा कैसे और कहां से आया

**डिस्प्लेयर ट्रेडिंग कारपोरेशन के सुनील देशपांडे ने कहा कि डिस्ट्रीब्यूटर इंजेक्शन, एक्स-रे फिल्म और अन्य चिकित्सा आपूर्ति निमार्ता कंपनी से प्राप्त कर बीएमसी को देते हैं और बीएमसी डिस्ट्रीब्यूटर को बिल की कीमत देती थी, लेकिन अब वहीं बिल बीएमसी सीधे निमार्ता कंपनी को भुगतान कर रहे हैं, जबकि कंपनी खुद नहीं जानती कि यह पैसा कैसे और कहां से आया है। कई वर्षों से बीएमसी हमें ही बिल का भुगतान कर रही थी।**

### डिस्ट्रीब्यूटर मुश्किल में फंसे...!

**बीएमसी अब तक दवा सप्लायरों के बिल का बीएमसी उन्हें भुगतान करती थी, लेकिन सीपीडी में ज्वाइंट कमिश्नर विजय बालमवार के आने के बाद दवा सप्लायरों के बिलों का भुगतान निमार्ता कंपनी को किया जा रहा है। दवा सप्लायरों का कहना है कि इससे जीएसटी भरने में उन्हें परेशानी हो रही है। टेंडर कंपनी भरती है, जबकि दवाओं की आपूर्ति डिस्ट्रीब्यूटर करते हैं। बीएमसी अस्पतालों को 500 से लाखों रुपए की दवाओं की आपूर्ति की जाती है। कंपनियां छोटी कीमत वाली दवाओं की आपूर्ति के लिए डिस्ट्रीब्यूटर निर्भर हैं। उनके द्वारा आपूर्ति की गई दवाओं का बिल निमार्ता कंपनी के पास जाने के कारण डिस्ट्रीब्यूटर मुश्किल में फंस गए हैं।**

# जिले में 50 से अधिक एच३ एन२ इन्फ्लुएंजा के मरीजों की संख्या




**ठाणे :** ठाणे शहर समेत जिले में एच3 एन2 इन्फ्लुएंजा तेजी से पैर पसार रहा है। इन्फ्लुएंजा के ठाणे शहर में 25 रोगियों की पहचान की जा चुकी है, जबकि जिले में 50 से अधिक एच3 एन2 इन्फ्लुएंजा के मरीजों की पहचान हुई है। इन्फ्लूएंजा के दस्तक देने के साथ ठाणे मनपा प्रशासन भी ऐक्शन में आ गया है। ठाणे मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर इन्फ्लुएंजा बीमारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग को सतर्क कर दिया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार ठाणे जिले में अब तक 50 से अधिक इन्फ्लुएंजा प्रभावित रोगियों . पहचान हुई है। बताया जा रहा है कि ठाणे शहर में 25, कल्याण में 14, भाईंदर में 5, ठाणे ग्रामीण में 5, नई मुंबई में एक रोगी पाए गए हैं। इस रोग के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर ठाणे शहर के तमाम डॉक्टरों को सूचित कर दिया गया है। सरकारी डॉक्टरों के साथ ही निजी चिकित्सकों को भी इस बाबत जानकारी दी गई है, साथ ही उन्हें कहा गया है कि यदि रोगी उनके पास आता है तो सर्वप्रथम उसका इलाज किया जाए। इस इन्फ्लुएंजा को कम करने हेतु ठाणे मनपा स्वास्थ्य केंद्र का व्हाट्सएप ग्रुप भी तैयार किया गया है

## खदान में गिरने से व्यक्ति की मोत



**वसई :** भोयदा पाड़ा के वाघरालपाड़ा क्षेत्र में एक 26 वर्षीय व्यक्ति की खदान में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पूर्व के वाघरालपाड़ा क्षेत्र में सुनील कुमार मुन्ना दुबे (26) अपनी पत्नी मुन्नी देवी और चार वर्षीय पुत्र के साथ रहता था। वह जीविका चलाने के लिए मजदूरी करता था, जबकि उसकी पत्नी सब्जी बेचती थी। शुक्रवार की शाम चार बजे के आसपास सुनील का शव खदान में मिला। बताया जा रहा है कि सुनील शराब पीकर समीप के पहाड़ी पर गया, जहां संतुलन बिगड़ने से वह गिर गया। इस हादसे में उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

## माहिम रेलवे फाटक पर बनेगा पैदल पुल



**मुंबई :** महापालिका के जी उत्तर विभाग के माहिम रेलवे स्टेशन पर सेनापति बापट मार्ग माहिम फाटक पर पैदल पुल का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। महापालिका के अधिकारियों ने बताया कि तीन साल के भीतर यह काम पूरा कर लिया जाएगा। माहिम गेट को पार करने में नागरिकों को हो रही परेशानी को देखते हुए महापालिका ने माहिम गेट के पास पैदल पुल बनाने का निर्णय लिया है। इस पुल की मूल लागत 04 करोड़ 89 लाख 16 हजार 794 तथा अतिरिक्त राशि 85 लाख 88 हजार 559 है, इस प्रकार कुल लागत 05 करोड़ 75 लाख 05 हजार 454 रुपए होगी।

## बांद्रा-अजमेर गाड़ी का सांसद ने किया स्वागत

**पालघर :** गाड़ी नंबर 12995 व 12996 बांद्रा-अजमेर एक्सप्रेस 31 मार्च 2023 से पालघर स्टेशन पर रुकने लगी है तथा गाड़ी नं. 16209 व 16210 मैसूर-अजमेर का भी ठहराव पालघर में शुरू कर दिया गया है। इस गाडी के प्रथम ठहराव पर सांसद राजेंद्र गावित ने पालघर रेलवे स्टेशन जाकर ट्रेन का स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ पश्चिम रेलवे के एडिशनल डीआरए शीलभद्र, क्षेत्रीय विधायक श्रीनिवास वनगा, केदार काले, शिवसेना प्रवक्ता व डीआरयू सदस्य मुंबई राजेश शहा, पालघर शिवसेना जिला प्रमुख ज्योतीताई मेहेर, वैदेही वाढाण महिला जिला प्रमुख सहित अनेक मान्यवर, प्रवासी व रेलवे कर्मचारी उपस्थित थे।

## तालाब में मिली युवती की लाश



**नई मुंबई :** उरण के मोरा रोड स्थित भवरा तालाब के पास से गुजर रहे एक राहगीर ने शनिवार की रात तालाब में एक युवती का शव तैरता देखा। उसने यह जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सिडको अग्निशमन दल को बुलाकर शव को तालाब से बाहर निकाला। पुलिस ने जब इस बारे में छानबीन की तो पता चला कि युवती इसी इलाके की रहने वाली थी और उसका नाम मनाली जाधव बताया गयो है। इस युवती का शव इस तालाब में कैसे आया, उसने आत्महत्या की या। कोई हादसा हुआ, इस बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

यह समाचार पत्र मासिक महाराष्ट्र क्राईम्स मालिक, मुद्रक प्रकाशक सिराज चौधरी द्वारा राजीव प्रिंटर्स, ४९६, पंचशील नगर१, नागसेन बुद्ध मंदिर रोड नं३, तिलक नगर, चेम्बुर, मुंबई४०००८९ से मुद्रित करवा कर ८/ऐ/१६९/२७०२/टागोर नगर, विक्रोली (पू), मुंबई४०००८३ से प्रकाशित किया । RNI NO. : MAHHIN/1998/02261
संपादक सिराज चौधरी मो. ७७७७०६०६८७ www.maharashtracrimes.in / www.maharashtracrimes.blogspot.in Email : editor@maharashtracrimes.in / maharashtracrimes@gmail.com